# DAV PUBLIC SCHOOLS, ZONE – II, ODISHA
## PRE – BOARD EXAMINATION – 2020 - 21

CLASS –X                                                                                     TIME – 3 Hrs
SUBJECT – HINDI [085]                    SET- II                                   FM –80

*सामान्य निर्देश*

1. *इस प्रश्न पत्र में 2 खंड है – 'अ' और 'ब'*
2. *खंड – अ में कुल 9 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों में उपप्रश्न दिए गए हैं।*
3. *दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। खंड – ब में कुल 8 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

**खंड-'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)**

1. नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं। किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :                                                                    [5×1=5]

सफलता चाहने वाले इंसान का कर्तव्य यह देखना है कि उसकी रुचि किन कार्यों में अधिक है। यह बात गलत है कि हर इंसान हर एक काम को कर सकता है। लॉर्ड वेस्टरफिल्ड स्वाभाविक प्रवृत्तियों के काम को अनावश्यक समझते थे और केवल परिश्रम को ही सफलता का आधार मानते थे। इसी सिद्धांत के अनुसार उन्होंने अपने बेटे स्टेनहॉफ को, जो सुस्त, ढीलाढाला, असावधान था, सत्पुरुष बनाने का प्रयास किया। वर्षों परिश्रम के बाद भी लड़का ज्यों का त्यों रहा और जीवन भर योग्य न बन सका।

निम्नलिखित में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए -

[क] स्वाभाविक प्रवृत्तियों की अपेक्षा परिश्रम को ही सफलता का आधार नामक सिद्धांत किसके द्वारा दिया गया है?

[अ] स्टेनहॉफ   [ब] लॉर्ड कर्जन   [स] लॉर्ड वेस्टरफिल्ड   [द] इनमें से कोई नहीं

[ख] सफलता चाहने वाले इंसान का कर्तव्य क्या देखना है ?

[अ] रुचि किन कार्यों में नहीं है   [ब] रुचि किसी भी कार्यों में नहीं है
[स] रुचि किन कार्यों में अधिक है   [द] इन में से कोई नहीं

[ग] स्टेनहॉफ की स्वभावगत विशेषताएँ क्या क्या है ?

[अ] सुस्त   [ब] ढीलाढाला   [स] असावधान   [द] ये सभी

[घ] 'प्रतिकूल' शब्द का विलोम शब्द होगा -

[अ] अनुकूल   [ब] प्रबल   [स] अतिबल   [द] सकूल

[ङ.] 'मनुष्य' का समानार्थी शब्द होगा -

[अ] दानव   [ब] अतिदानव   [स] मानव   [द] मानविका

**अथवा**

वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, आदि ऋतु का एक के बाद एक आना और जाना प्रकृति को अपने रंग में रंगना कभी उसे फूलों से आवृत कर खिलखिलाहट से भर देना, कभी भीनी महक से लपेट देना, तो कभी धूल - पत्ते उड़ा कर वैरागिन - सी उदास बना देना, कभी झर - झर पानी बरसा कर तर कर

देना, कभी सर्द झोकों से सिहरा देना,..... कितने प्यारे, अनोखे व अनूठे रूप हैं। प्रकृति का सौम्यरूप, रौद्र रूप, उसकी चंचलता, उसकी जड़ता, उसकी जीवंतता आदि सब देखने वालों की नजर पर, उसकी संवेदनशीलता पर निर्भर होते हैं। मैंने महसूस किया है कि हर मौसम का मानव मन पर एक मनोवैज्ञानिक असर होता है । जैसे ग्रीष्म के अलसाए दिन लंबे होने के कारण ठंडे बंद कमरों में लेटे दिलो-दिमाग को आत्मचिंतन का खूब समय देते है । मधुमास हमारी रागात्मक प्रवृत्ति को तराश देता है... हमें तरह-तरह से रचनात्मकता बनाता है । सूरज और चंद्रमा का अस्त और उदय होना इस लोक को क्रमशः दुख और सुख की दो दिशाओं में नियमित करता है । दोनों में से एक भी दिशा स्थायी नहीं है । अतः हमें न सुख में अधिक सुखी और ना दुख में अधिक दुखी होना चाहिए बल्कि तटस्थ भाव से जीना चाहिए।

निम्नलिखित में से निर्देश अनुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

[क] वसंत ऋतु का अनुभव किस माह में किया जाता है ?

[अ] ज्येष्ठ माह [ब] कार्तिक माह [स] फाल्गुन माह [द] सावन माह

[ख] प्रत्येक मौसम का मानव मन पर एक..............असर होता है।

[अ] वैज्ञानिक [ब] प्राकृतिक [स] मनोवैज्ञानिक [द] भू-वैज्ञानिक

[ग] सूरज और चंद्रमा से हमें क्या संदेश मिलता है?

[अ] न सुख में अधिक सुखी [ब] न दुख में अधिक दुखी

[स] तटस्थ भाव से जीना [द] ये सभी

[घ] वर्षाऋतु में प्रकृति का अनूठा रूप किस तरह दिखता है ?

[अ] कभी झर –झर पानी बरसाकर तर कर देना

[ब] कभी फूल पत्ते उड़ाकर वैरागिन सी उदास बना देना

[स] कभी सर्द झोंकों से सिहरा देना

[द] उपर्युक्त सभी

[ङ.] गद्यांश में प्रयुक्त ता प्रत्यय युक्त शब्द छांट कर लिखिए

[अ] चंचलता [ब] चपलता [स] सहनशीलता [द] ये सभी

2. नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं । किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: [5×1=5]

आज का विद्यार्थी भविष्य की सोच में कुछ अधिक लग गया है । भविष्य कैसा होगा, वह भविष्य में क्या बनेगा ? इस प्रश्न को समझने में या दिवास्वप्न देखने में वह बहुत समय नष्ट कर देता है । भविष्य के बारे में सोचिए जरूर, मगर भविष्य को वर्तमान में हावी मत होने दीजिए, क्योंकि वर्तमान ही भविष्य की नींव बन सकता है । नींव को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है कि भान तो भविष्य का भी हो लेकिन ध्यान वर्तमान पर रहे । आपकी सफलता का मूलमंत्र यही हो सकता है कि आप एक स्वप्न में सोचे कि आपको क्या करना है और क्या बनना है ? स्वप्न के अनुसार कार्य करना प्रारंभ करें । वर्तमान रूपी नींव को मजबूत करें और यदि वर्तमान रूपी नींव सबल बनती गई तो भविष्य का भवन भी अवश्य बन जाएगा । जितनी मेहनत हो सके उतनी मेहनत करें और निराशा को जीवन में स्थान न दे । यह सोचने में समय खराब न करें कि अब मेरा क्या होगा ? मैं सफल भी हो पाऊँगा या नहीं ? ऐसा करने में आपका समय नष्ट होगा और जो समय नष्ट करता है समय उसे नष्ट कर देता है । वर्तमान में समय का सदुपयोग भविष्य के निर्माण में सदा सहायक होता है । भविष्य के

बारे में अधिक सोच या अधिक चर्चा करने से चिंताएँ घेर लेती है । यह चिंताएँ वर्तमान के कर्म में बाधा उत्पन्न करती हैं ।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–

[क] आज का विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय किन बातों में नष्ट कर देता है?

[अ] भविष्य की सोच में [ब] दिवास्वप्न देखने में

[स] अ और ब दोनो [द] कल्पनाओं की उड़ान में।

[ख] वर्तमान में संयम का सदुपयोग किस में सहायक होता है ?

[अ] भूतकाल के कार्यों में [ब] भविष्य के निर्माण में

[स] चिंताओं में [द] कोरी बातें करने में

[ग] वर्तमान के कार्यों में कौन बाधा उत्पन्न कर देता है?

[अ] चिंताएँ [ब] परिवार [स] शिक्षा [द] धर्म

[घ] ............भविष्य की योजनाओं से अधिक महत्वपूर्ण है।

[अ] वर्तमान का परिश्रम [ब] समय का सदुपयोग

[स] आशावादी होना [द] उपर्युक्त सभी

[ड.] अंततः लक्ष्य से कैसे दूर होते जाते हैं?

[अ] भविष्य के बारे में अधिक सोचने से [ब] अतीत पर अधिक ध्यान देने से

[स] निराशा को जीवन में स्थान ना देने से [द] परिश्रम पर जोर देने से।

**अथवा**

प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती । इसके आगे सारी समस्याएं बनी है लेकिन समस्या एक प्रतिभा को खुद दूसरी प्रतिभा से होती है। बहुमुखी प्रतिभा का होना अपने भीतर एक प्रतिभा के बजाय दूसरी प्रतिभा को खड़ा करना है। इससे हमारा नुकसान होता है । कितना और कैसे ? मन की दुनिया की एक विशेषज्ञ कहती है कि बहुमुखी होना आसान है बजाय एक खास विषय का विशेषज्ञ होने की तुलना में । बहुमुखी लोग स्पर्धा से घबराते हैं कई विषयों पर उनकी पकड इसलिए होती है कि वे एक में स्पर्धा होने पर दूसरे की ओर भागते हैं । आलोचना से भी डरते हैं और अपने काम में सिर्फ तारीफ ही तारीफ सुनना पसंद करते हैं। आज के लोग विंची- सिंड्रोम से पीड़ित माने जाते हैं। प्रबंधन के क्षेत्र में - ' एकै के साधे सब सधे, सब साधे सब जाए' का मंत्र शुरू से प्रभावी है। उस पर ज्यादा फोकस नहीं किया जाता, जो सारे अंडे एक टोकरी में ना रखने की बात करता है।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए –

[क] बहुमुखी लोग................ से घबराते है।

[अ] तारीफ [ब] स्पर्धा [स] असफलता [द] निराशा

[ख] गद्यांश में से चुनकर 'विश्व' शब्द का पर्यायवाची बताएं -

[अ] दुनिया [ब] भारत [स] कस्बा [द] नगर

[ग] आज के लोग किस सिंड्रोम से पीड़ित हैं?

[अ] विंची [ब] स्टॉकहोम [स] हेबर [द] क्रॉस

[घ] 'एकै साधे सब सधे, सब साधे सब जाए' नामक मंत्र किस क्षेत्र में प्रभावी है?

[अ] प्रतिभाओं में [ब] प्रबंधन के क्षेत्र में

[स] आलोचनाओं के क्षेत्र में [द] बहुमुखी क्षेत्र में

[ङ.] बजाय एक खास विषय का विशेषज्ञ होने की तुलना में ............. होना आसान है।

[अ] बहुमुखी प्रतिभावान [ब] प्रतिभावान [स] बुद्धिमान [द] बेहतर उम्मीदवार

**[व्यावहारिक व्याकरण ]**

3- निम्नलिखित पाँच भागों में से **किन्हीं चार** भागों के उत्तर दीजिए- [ 4×1=4]

क. लाल रंग की पुस्तक मेज पर रखी है । रेखांकित में पद हैं -

अ- सर्वनाम पद ब- विशेषण पद स- क्रिया पद द -संज्ञा पद

ख. नीम की घनी छाँव में व्यक्ति आनंद का अनुभव करता है । वाक्य में विशेषण पद है -

अ- नीम की घनी छाँव ब- व्यक्ति स- आनंद का द -अनुभव करता है ।

ग. महँगी खरीदी हुई शॉल फट गई । रेखांकित में पदबंध है -

अ- क्रिया पदबंध ब- क्रियाविशेषण पदबंध स- विशेषण पदबंध द -संज्ञा पदबंध

घ. विरोध करने वाले व्यक्तियों में कोई नहीं बोला । रेखांकित में कौन-सा पदबंध है?

अ- सर्वनाम पदबंध ब- क्रिया पदबंध स- संज्ञा पदबंध द- विशेषण पदबंध

ङ . मंजू मैदान में खेल रही हैं । रेखांकित में पदबंध हैं -

अ- क्रियाविशेषण पदबंध ब- संज्ञा पदबंध स- विशेषण पदबंध द -क्रिया पदबंध

4- निम्नलिखित पाँच भागों में से **किन्हीं चार** भागों के उत्तर दीजिए – [ 4 ×1=4]

क. जो व्यक्ति परिश्रमी होते हैं, वे अच्छे लगते हैं, का सरल वाक्य बनेगा -

अ -परिश्रमी व्यक्ति अच्छे लगते हैं । ब- परिश्रमी व्यक्ति अधिक अच्छे लगते हैं ।

स- यद्यपि वह परिश्रमी हैं, तथापि वह अच्छे लगते हैं । द -अच्छे लगने वाले व्यक्ति परिश्रमी होते हैं।

ख. गाड़ी मिलते ही मैं कोलकाता पहुँच जाऊँगी, का मिश्र वाक्य बनेगा-

अ -मैं कोलकाता पहुँच जाती अगर गाड़ी मिल जाती ।

ब- जैसे ही गाड़ी मिलेगी, वैसे ही मैं कोलकाता पहुँच जाऊँगी ।

स- गाड़ी मिली और मैं कोलकाता पहुँच गई।

द -मुझे कोलकाता पहुँचना था, इसलिए गाड़ी मिल गई ।

ग. निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य है -

अ -मामाजी ने मुझे पढ़ाया ताकि सेना में भर्ती हो सकूँ ।

ब- मामाजी ने यूँ ही मुझे पढ़ाया यूँ ही सेना में भर्ती हो गए ।

स- मामा जी ने मुझे ज्यों ही पढ़ाया त्यों ही सेना में भर्ती हो गई ।

द -सेना में भर्ती कराने हेतु मामाजी ने मुझे पढ़ाया ।

घ. 'माताजी ने गाना गाया और दादी झूमने लगी ।' वाक्य-रचना की दृष्टि से है -

अ -सरल वाक्य ब- संयुक्त वाक्य स- मिश्र वाक्य द -सामान्य वाक्य

ङ सरल वाक्य को संयुक्त वाक्य में अथवा संयुक्त वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलने को क्या कहते हैं ?

अ -वाक्य निर्माण ब- वाक्य संश्लेषण स- वाक्य रूपांतरण द -रूपांतर वाक्य प्रक्रिया

5- निम्नलिखित पाँच भागों में से **किन्हीं चार** भागों के उत्तर दीजिए- [ 4 ×1=4]

क. 'शास्त्रार्थ' शब्द का सही समास-विग्रह चयन कीजिए।

अ -शास्त्रार्थ के लिए यज्ञ-तत्पुरुष समास
ब -शास्त्र का अर्थ - तत्पुरुष समास
स -शास्त्र और यज्ञ-द्वंद्व समास
द- शास्त्र में यज्ञ-तत्पुरुष समास

ख. 'चंद्रमुख' शब्द में कौन-सा समास है ?

अ -कर्मधारय समास ब -तत्पुरुष समास स -द्विगु समास द- अव्ययीभाव समास

ग- 'स्नेहहीन' शब्द का विग्रह एवं समास होगा -

अ- स्नेह के द्वारा हीन- तत्पुरुष समास
ब- स्नेह से हीन- तत्पुरुष समास
स- स्नेह का हीन- तत्पुरुष समास
द- स्नेह से हीन- कर्मधारय समास।

घ- 'आदेश के अनुसार' विग्रह पद का समस्त पद एवं समास होगा -

अ- आदेश अनुसार -तत्पुरुष समास
ब- आदेशा अनुसार -अव्ययीभाव समास
स- आदेश अनुसार -बहुव्रीहि समास।
द- आदेशानुसार -तत्पुरुष समास

ङ.- 'चिकित्सालय' शब्द का विग्रह पद होगा -

अ- चिकित्सा का आलय
ब- चिकित्सा के लिए आलय
स- चिकित्सा से आलय
द- चिकित्सा में आलय

6- निम्नलिखित रिक्त स्थानों को सही मुहावरे द्वारा पूर्ण कीजिए- [4×1=4]

क- उसने जरूर कुछ गलत काम किया है नहीं तो मुझसे इस तरह.............।

अ- आँखें नहीं चुराता
ब- जी नहीं चुराता
स- तिल का ताड़ नहीं करता
द- जान पर नहीं खेलता

ख- मैंने उससे……… माँगी फिर भी वह नहीं पिघला ।

अ- नाक रगड़ कर माफी
ब- टका सा जवाब देना
स- टाँग अड़ाना
द- तूती बोलना,

ग- नेता हो या अभिनेता ......का मौका नहीं छोड़ते ।

अ- अपने पैरों पर खड़ा होना
ब- अपना उल्लू सीधा करना
स- दाल में कुछ काला होना
द- देर हो जाना

घ- भारत सरकार द्वारा नोट बंदी का आदेश……है-

अ- कलेजा छलनी होना
ब- पत्थर की लकीर
स- धोखा देना
द- आँखों का तारा होना ।

7- निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए - [4 ×1=4]

*" ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोए, अपना तन शीतल करें औरन को सुख होय।"*

क- कवि ने मनुष्य को कैसी वाणी बोलने का संदेश दिया है?

अ- नमकीन ब- कर्कश स- मीठी द- कसैला

ख- मीठी वाणी से दूसरे लोग कैसा अनुभव करते हैं?

अ- सुख का ब- ज्ञान का स- प्रकाश का द- अपनापन का

ग- प्रस्तुत दोहा साखी में प्रयुक्त 'आपा' शब्द का अर्थ क्या है?

अ- अहंकार ब- प्राप्त करना स- सुध-बुध द- अज्ञानता

घ- कवि द्वारा किसके शीतल होने की बात कही गई है?

अ- मन ब- तन स- वाणी द- आपा

8- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। [5×1=5 ]

वे स्वभाव से बड़े अध्ययनशील थे। हरदम किताब खोले बैठे रहते और शायद दिमाग को आराम देने के लिए कभी कॉपी पर, किताब के हाशियों पर चिड़ियों, कुत्तों, बिल्लियों की तस्वीरें बनाया करते थे । कभी - कभी एक ही नाम के शब्द या वाक्य दस - बीस बार लिख डालते । कभी एक शेर को बार-बार सुंदर अक्षरों में नकल करते । कभी ऐसी शब्द रचना करते जिसमें ना कोई अर्थ होता ना कोई सामंजस्य । मसलन एक बार उनकी कॉपी पर मैंने यह इबारत देखी- स्पेशल, अमीना, भाइयों - भाइयों, दरअसल, भाई -भाई, राधेश्याम, श्रीयुत राधेश्याम । एक घंटे तक इस के बाद एक आदमी का चेहरा बना हुआ था। मैंने बहुत चेष्टा की कि इस पहेली का कोई अर्थ निकालूं लेकिन असफल रहा और उनसे पूछने का साहस ना हुआ। वह नवमीं जमात में थे मैं पाँचवीं में उनकी रचनाओं को समझना मेरे लिए छोटी मुँह बड़ी बात थी।

क- बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे ?

अ- जानवरों की तस्वीरें बनाते ब- एक शब्द को दस-बीस बार लिखते

स- शेर को सुंदर-सुंदर अक्षरों में लिखते द- उपर्युक्त सभी

ख- बड़े भाई साहब किस जमात में थे?

अ- आठवीं ब- नवमीं स- पाँचवी द- दसवीं

ग- उनकी रचनाओं को समझना मेरे लिए <u>छोटी मुँह बड़ी बात</u> थी – प्रस्तुत पंक्ति में रेखांकित पद क्या है ।

अ- मुहावरा ब- लोकोक्ति स- रचना द- सूक्ति

घ- प्रस्तुत गद्यांश में बड़े भाई साहब की प्रमुख विशेषताएँ क्या थी ?

अ- अध्ययनशील ब- परिश्रमी स- मौलिक रचना करना द- उपर्युक्त सभी

ड.- लेकिन असफल रहा । वाक्य में प्रयुक्त 'असफल' शब्द में उपसर्ग और मूलशब्द अलग कीजिए ।

अ- अस+फल ब- अ+सफल स- आस+फल द- आ+सफल

9- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए । [5 ×1=5]

एक शाम तताँरा दिन भर के अथक परिश्रम के बाद समुद्र किनारे टहलने निकल पड़ा । सूरज समुद्र से लगे क्षितिज में डूबने को था । समुद्र से ठंडी बयार ऊपर आ रही थी । पक्षियों की सायंकालीन चहचहाहटें शनैः शनैः क्षीण होने को थी । उनका मन शांत था। विचार मग्न तताँरा समुद्री बालू पर बैठकर सूरज की अंतिम रंग -बिरंगी किरणों को समुद्र पर निहारने लगा। तभी कहीं पास से उसे

मधुर गीत गूँजता सुनाई दिया । गीत मानो बहता हुआ उसकी तरफ आ रहा हो । बीच-बीच में लहरों का संगीत सुनाई देता । गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध -बुध खोने लगा । लहरों के एक प्रबल वेग ने उसकी तंद्रा भंग की । चैतन्य होते ही वह उधर बढ़ने को विवश हो उठा जिधर से अभी गीत के स्वर आ रहे थे । वह विवश- सा उस तरफ बढ़ता गया । अंततः उसकी नजर एक युवती पर पड़ी जो ढलती हुई शाम के सौंदर्य में बेसुध एक टक समुद्र की देह पर डूबते आकर्षक रंगों को निहारते हुए गा रही थी । यह एक श्रृंगार गीत था ।

क- दिन भर के अथक परिश्रम के बाद समुद्र किनारे कौन टहल रहा था ?

अ- वामीरो　　ब- तताँरा　　स- निकोबारी　　द- लिटिल तताँरा

ख- तताँरा कहाँ बैठकर सूरज की रंग-बिरंगी किरणों को समुद्र पर निहार रहा था ?

अ- समुद्री बालू पर　　ब- समुद्री चट्टान　　स- पेड़ पर　　द- समुद्री लहरों पर

ग- ढलती हुई शाम के सौंदर्य में बेसुध होकर युवती द्वारा गाया गया गीत किस प्रकार का था ?

अ- विरह गीत　　ब- श्रृंगार गीत　　स- करुण गीत　　द- भजन गीत

घ- गद्यांश में प्रयुक्त 'अनुसार' शब्द में से उपसर्ग और मूलशब्द अलग कीजिए ।

अ- अनु + सार　　ब- आ+नुसार　　स- अ + सार　　द- आ + सार

ङ- गायन इतना प्रभावी था कि वह अपना सुध-बुध खोने लगा । वाक्य में प्रयुक्त मुहावरा बताइए -

अ- सुध-बुध खोना　　ब- खोने लगा　　स- गायन प्रभावी　　द- इनमें से कोई नहीं

## खंड- ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

10- निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए – [2 ×2 =4]

क- 'अब कहाँ दूसरों के दुख में दुखी होने वाले ' पाठ के अनुसार वनस्पति और जीव जगत के बारे में लेखक की माँ के क्या विचार थे ?

ख- 'कारतूस' पाठ के आधार पर लिखिए कि शआदत अली कौन था ? उसने वजीर अली की पैदाइश को अपनी मौत क्यों समझा ?

ग- 'कर चले हम फिदा' गीत में कवि ने वीरों के प्राण छोड़ते समय का मार्मिक वर्णन किस प्रकार किया है अपने शब्दों में लिखिए ।

11- निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में लिखिए । [ 4]

ईश्वर भक्ति ने कबीर के अहंकार को दूर कर दिया । आप इस दोहे को पढ़कर क्या समझे हैं? अपने विचार लिखिए – '*जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाँहि, सब अंधियारा मिटि गया जब दीपक देख्यां माँहि ।*'

12- निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 से 50 शब्दों में लिखिए- [2 ×3 =6]

क- 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर बताइए कि धर्म के नाम पर किस तरह साधारण लोगों की मन की भावनाओं से खेला जाता है?

ख- विद्यार्थियों को अनुशासन में रखने के लिए पाठ 'सपनों के-से दिन' में अपनाई गई युक्तियों और वर्तमान में स्वीकृत मान्यताओं के संबंध में विचार प्रकट कीजिए।

ग- 'टोपी शुक्ला' पाठ में इफ़्फन और टोपी की मैत्री के द्वारा क्या संदेश दिया गया है ? वर्तमान संदर्भों में उसकी उपयोगिता समझाइए।

13- निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 80 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए - [6]

* युवाओं के लिए मतदान का अधिकार –
  मतदान का अधिकार, मतदान के प्रति जागरूकता, सभ्य समाज की अरुचि, अनिवार्य मतदान के लिए प्रयास
* कोरोना का कहर -
  कोरोना क्या है ? कोरोना वैश्विक महामारी, कोरोना से बचाव के उपाय, सावधानियाँ
* कमरतोड़ महँगाई -
  महँगाई का कारण, माँग और आपूर्ति में अंतर, सरकारी नीति, बढ़ती महँगाई के दुष्परिणाम।

14- विद्यालय के गेट पर मध्य अवकाश के समय ठेले और रेहड़ी वालों द्वारा जंक फूड बेचे जाने की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर उन्हें रोकने का अनुरोध कीजिए। [5]

**अथवा**

आए दिन बस चालकों की असावधानी के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी एक समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए ।

15- आप सर्वोदय कन्या विद्यालय के प्रधानाचार्य हैं । आपके विद्यालय में हो रही कविता प्रतियोगिता में अन्य विद्यालय के छात्रों को आमंत्रण हेतु 30-40 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

आप अपने विद्यालय में एन.सी.सी के छात्र प्रतिनिधि हैं। गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में हिस्सा लेने के इच्छुक छात्रों हेतु 30 से 40 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए।

16- सड़क पर टहलते हुए आपको एक बैग मिला , जिसमें कुछ रुपए , मोबाइल फोन तथा अन्य कई महत्वपूर्ण कागजात थे । 25 से 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए, जिससे कि उचित व्यक्ति आपसे संपर्क कर अपना बैग ले जाए । [5]

**अथवा**

किसी भी कक्षा की पाठ्य पुस्तकें खरीदने पर कॉपियों की कीमतों में 20% की छूट मिलेगी । इस आशय पर एक विज्ञापन श्याम पुस्तक भंडार के लिए 25 से 50 शब्दों में तैयार कीजिए।

17- संगति का प्रभाव विषय पर 100 से 120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए । [5]

**अथवा**

'अनोखी सीख' विषय पर 100 से 120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए ।

*********